INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date: _______________
Question Bank: MCQ	Topic: समास	Note: Pl. file in portfolio

नाम ____________________ अनुक्रमांक ____ अनुभाग ____ दिनांक: / /2021

{1} 'पीताम्बर' समस्त पद का सही विग्रह है :

{क} पीत है जो अम्बर	{ख} पीला है अम्बर का समूह

{ग} पीत का अम्बर	{घ} पीत और अम्बर

{2} 'राह के लिए खर्च' का समस्त पद है :

{क} खर्चेराह	{ख} रहेखर्च

{ग} राहखर्च	{घ} खर्चराह

{3} 'अपने आप पर बीती' का समस्त पद है :

{क} अपनबीती	{ख} आपाबीती

{ग} अपने आप बीती	{घ} आपबीती

{4} 'नीली है जो गाय' का समस्त पद है :

{क} नीलीगाय	{ख} नीलगाय

{ग} श्यामा गाय	{घ} नीली गऊ

{5} 'राष्ट्रपति' समस्तपद का सही विग्रह है –

{क} राष्ट्र का पति	{ख} राष्ट्र है जो पति

{ग} राष्ट्र के अनुसार पति	{घ} राष्ट्र और पति

{6} निम्नलिखित में से द्विगु समास है –

{क} महात्मा	{ख} लंबोदर

{ग} पंचतत्त्व	{घ} यथाशक्ति

{7} 'आमरण' किस प्रकार का सामासिक शब्द है?

{क} द्वंद्व समास {ख} बहुव्रीहि समास

{ग} अव्ययीभाव समास {घ} कर्मधारय समास

{8} द्वंद्व समास का उदाहरण है –

{क} चंद्रमुख {ख} मुरलीधर

{ग} त्रिकोण {घ} दाल-रोटी

{9} 'जलमग्न' समस्तपद का विग्रह है –

{क} जल में मग्न {ख} जल को मग्न

{ग} जल ने मग्न {घ} जल के लिए मग्न

{10} 'तुलसीदल' समस्तपद का सही विग्रह तथा समास का नाम चुनिए –

{क} तुलसी के लिए दल–अधिकरण तत्पुरुष {ख} तुलसी है जो दल–कर्मधारय समास

{ग} तुलसी और दल – द्वंद्व समास {घ} तुलसी का दल (पत्ता) – संबंध तत्पुरुष

{11} 'चार भुजाओं का समूह 'विग्रह का सही समस्तपद तथा समास का नाम चुनिए :

{क} चतुरानन – कर्मधारय समास {ख} चौराहा – अव्ययीभाव समास

{ग} चतुर्भुज – द्विगु समास {घ} चतुर्मुख – द्वंद्व समास

{12} रेखांकित समस्तपद का सही विग्रह तथा समास का नाम चुनिए-

मीरा <u>**गिरधर**</u> गोपाल की अनन्य भक्त थीं।

{क} गिरि है जो धारण – कर्मधारय समास {ख} गिरि के अनुसार धारण–अव्ययीभाव

{ग} गिरि को धारण करने वाला (श्रीकृष्ण) – बहुव्रीहि {घ} गिरि को धारण – कर्म तत्पुरुष

{13} निम्नलिखित रेखांकित पदों का सामासिक शब्द तथा उसका भेद चुनिए-

हमें <u>**बुद्धि के अनुसार**</u> व्यवसाय का चुनाव करना है।

{क} बुद्धि अनुसार–- द्वंद्व समास {ख} यथाबुद्धि – अव्ययीभाव समास

{ग} बुद्धिनुसार – कर्मधारय समास {घ} यथेबुद्धि – कर्म तत्पुरुष

{14} 'काठगोदाम' समस्तपद का विग्रह है –

{क} काठ में गोदाम

{ख} काठ से गोदाम

{ग} काठ का गोदाम

{घ} गोदाम में काठ

{15} 'वनगमन' - समस्त पद का विग्रह होगा -

{क} वन का गमन

{ख} वन से गमन

{ग} वन को गमन

{घ} वन और गमन

****

उत्तर - {1} क {2} ग {3} घ {4} ख {5} क {6} ग {7} ग {8} घ {9} क {10} घ

{11} ग {12} ग {13} ख {14} ग {15} ग